कैलाश विजयवर्गीय
राष्ट्रीय महासचिव

भारतीय जनता पार्टी
Bharatiya Janata Party

दिनांक : 30 दिसम्बर, 2015

सेवा में,

सभी माननीय संसद सदस्य लोकसभा / राज्यसभा

बन्धुवर / भगिनी,

सप्रेम नमस्कार।

माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा संसदीय दल की बैठक में इच्छा व्यक्त की गई थी कि सभी माननीय सांसद गणों को पूरे देश के प्रवास का एक कार्यक्रम बनाना चाहिए। इस संबंध में माननीय अध्यक्ष श्री अमित शाह जी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में तय किया गया है कि केन्द्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की दृष्टि से सांसद गणों का दौरा अपने लोकसभा क्षेत्र में सघन रूप से किया जाना है। निम्नलिखित कार्यक्रम सम्पन्न हों ऐसी अपेक्षा है।

- सांसद गणों को जनवरी माह में लोकसभा क्षेत्र अन्तर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों का प्रवास कार्यक्रम बनाना है।
- प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में रात्रि विश्राम आवश्यक रूप से होना चाहिए।
- विधानसभा क्षेत्र के समस्त प्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न हो, तथा मतदान केन्द्र के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित करें :
    1. बैठक में विकास कार्यो की चर्चा
    2. पार्टी विस्तार के बारे में योजना
    3. केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी विस्तारपूर्वक दें।
    4. योजनाओं का पत्रक भी छपवाया जा सकता है।
- परिवार, संगठन कार्यकताओं से भेंट।
- गणमान्य नागरिकों, किसानों, श्रमिकों, युवाओं, महिलाओं से चर्चा कर केन्द्र सरकार के बजट हेतु सुझाव लेना।

विशेष सूचना :–

1. माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष के सोशल मीडिया एकाउन्ट को फोलो करना तथा श्री **नरेन्द्र मोदी एप** डाउनलोड करना चाहिए।
2. फरवरी माह में पार्टी के निर्देशानुसार (उन लोकसभा क्षेत्रों में, जहां भाजपा के सांसद नहीं है), जो पार्टी निर्धारित करे, वहां सांसदों का दो दिवसीय प्रवास होगा। क्षेत्र की सूचना केन्द्रीय कार्यालय से दी जायेगी।
3. जनवरी माह के दौरे के अनुभव तथा बजट के सुझावों की जानकारी केन्द्रीय कार्यालय को अवश्य भेजें।

आशा है कि आप पार्टी पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर प्रभावी व परिणामकारी कार्यक्रम सम्पन्न करेंगे।

धन्यवाद,

कैलाश विजयवर्गीय

संलग्नक –

1. **केन्द्र सरकार की 19 महीनों की उपलब्धियां**
2. **पावर प्वाइंट प्रस्तुति**
3. **सोशल मीडिया / नरेन्द्र मोदी एप्प से जुड़ने की जानकारी**
4. **प्रवास एवं कार्यक्रम संपर्क सूत्र**

प्रति सूचनार्थ–

माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी,
माननीय राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन)